प्रादेषिक समाचार
दिनांक–09.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। श्री मोदी लगातार तीसरी बार बतौर प्रधानमंत्री शपथ लेंगे।

****

इधर नई दिल्ली में राजनीतिक गहमागहमी तेज हो गयी है। प्रधानमंत्री आवास पर संभावित मंत्रियों की चाय पर चर्चा के बहाने आज बैठक हुई। इसमें झारखंड से निवर्तमान केन्द्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और रांची के सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए।

****

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ ग्रहण से पहले आज नई दिल्ली स्थित महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता को विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सदैव अटल पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। मनोनीत प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय समर स्मारक में शहीदों को भी नमन किया।

****

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होने जा रहा है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल लाल नेहरू ही एक मात्र प्रधानमंत्री थे, जिन्हें लगातार तीन टर्म देश सेवा का मौका मिला था। आज के शपथ ग्रहण के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी इस उपलब्धि की बराबरी कर लेंगे साथ ही कुछ अन्य रिकॉर्ड भी बनेगा।

****

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के कई राष्ट्राध्यक्ष और गणमान्य और श्रमजीवी कामगार भी साक्षी बनेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर नयी दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

****

आकाशवाणी दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों के राष्ट्रपति भवन में आज शाम सवा सात बजे से आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की रनिंग कमेंट्री प्रसारित की जाएगी। इस वजह से प्रादेशिक समाचार एकांश, रांची से संध्याकालीन समाचार का प्रसारण संध्या सात बजे की बजाय छह बजकर पच्चीस मिनट से होगा। वहीं, जिले में आजकल का प्रसारण छह बजकर पैंतीस मिनट से छह बजकर चालीस मिनट तक होगा।

****

महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक भगवान बिरसा मुंडा की आज पुण्यतिथि मनाई जा रही है। इस मौके पर कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रांची के जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा संग्रहालय पहुंचे और धरती आबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। कोकर स्थित समाधि स्थल और बिरसा चौक पर भी धरती आबा को खास और आम सभी ने विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान का स्मरण किया। धरती आबा की जन्म स्थली खूंटी के उलिहातू में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

****

देवघर में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सभी शैक्षणिक संस्थानों के सौ गज की परिधि में दो माह के लिए निषेधाज्ञा लगाया है। संगठन ने सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद के बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है।

****

कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंग अनुपात पर अंकुश लगाने के लिए बोकारो जिले में तैयारी चल रही है।

****

टी–20 वर्ल्ड कप में आज न्यूयॉर्क में भारत–पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। भारतीय समयानुसार रात 8 बजे मैच शुरु होगा। ये 8वीं बार है जब दोनों टीमें आमने–सामने होंगी। इस महा मुकाबले को लेकर दोनों टीमों के प्रशंसकों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। भारतीय टीम की कोशिश आज इस मुकाबले को जीतकर जीत के लय को बरकरार रखने की होगी। हालांकि वर्ल्ड कप में दोनों देशों के बीच अबतक हुए मुकाबलों के नतीजों को देखते हुए टीम इंडिया का पलड़ा भारी है।

*********समाप्त*********